# PART - 1



कक्षा - IX

## पाठ - 12
## कैदी और कोकिला

कवि - माखनलाल चतुर्वेदी

### प्रश्न - अभ्यास

उत्तर-1. कोयल की कूक सुनकर कवि ने यह महसूस किया कि अर्द्धरात्रि के समय चीखती हुई कोयल किसी विशेष बात की ओर संकेत करना चाहती है। शायद वह उसे जेल में कैद देखकर अपनी वेदना प्रकट करना चाहती है और ब्रिटिश शासन के अत्याचार का सामना करते हुए क्रांति लाने की बात कहती है। अतः प्रश्नशैली के माध्यम से कवि ने कोयल से कई प्रश्न पूछे।

उत्तर-2. कवि ने कोकिल के बोलने के निम्नलिखित कारणों की संभावना बताई है -

1. कवि की वेदना देखकर कोकिल स्वयं दुखी हो रही है।
2. ब्रिटिश शासन का सामना करने के लिए वह कवि को प्रेरित करना चाहती है।
3. देश को एक कारागार के रूप में देखते हुए कोयल कैदियों को स्वतंत्र करवाना चाहती है।
4. कोयल ब्रिटिश शासन के क्रूर अत्याचार के समान भयानक आग की लपटों को बुझाना चाहती है।